# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य / मा—स / पर्यावरण / 2017—23 / दिनांक : .07.2023

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)—माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।**
**समस्त संस्था—प्रधान।**

**विषय :—** MeriLiFE : Massive Tree Plantation Drive के अन्तर्गत One Student, One Tree 2023 की थीम पर वृक्षारोपण / पौधारोपण कार्यक्रम करवाये जाने के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :—** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप—1) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प.32(1)शिक्षा—1 / 2020 जयपुर, दिनांक : 17.07.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक एवं संलग्नित शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय, पंचायतीराज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, जयपुर के पत्र दिनांक : 14.07.2023 के क्रम में लेख है कि पत्रानुसार भारत सरकार द्वारा **MeriLiFE : Massive Tree Plantation Drive** को लांच किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय समस्याएं यथा— ओजोन परत और ग्लोबल वार्मिग प्रभावों से निपटना है, इसके लिए वृक्षारोपण सर्वोत्तम उपाय है। इसी उद्देश्य के अन्तर्गत स्कूल शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा **One Student, One Tree 2023** की थीम पर **दिनांक : 25 जून, 2023 से 30 जुलाई, 2023 तक** एक करोड़ पेड / पौधे लगाये का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अतः प्रासंगिक पत्र मय संलग्नकों के प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करते हुए "हरित पाठ्शाला कार्यक्रम" के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में अथवा परिसर के निकटतम क्षेत्र में **"एक विद्यार्थी एक पेड़"** कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण / पौधारोपण करवाया जाकर आयोजित की गई गतिविधियों की सम्बन्धित रिपोर्ट शालादर्पण के हरित पाठ्शाला मॉड्यूल में इन्द्राज करवाते हुए प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवायें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न : यथोक्त।**

(काना राम)
आइ.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप—1) विभाग, जयपुर।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर समस्त संस्था—प्रधानों को ई—मेल प्रेषित करवाने बाबत।
4. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वह शालादर्पण मॉडयूल को सम्बन्धित प्रविष्टियो के इन्द्राज किये जाने बाबत पोर्टल को अपडेट करवाते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट इस कार्यालय की ई मेल आई डी massecondary@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
5. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.23 12:54:48 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4328930

Rajasthan Education Department

**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग**

क्रमांक : प. 32(1) शिक्षा–1/2020 जयपुर, दिनांक :–

**निदेशक,**
**माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर।**

विषयः–शासन सचिव महोदय के अ.शा. पत्रांक : प. 32(1) शिक्षा–1/2020 दिनांक 14.07.2023 को विद्यालयों के संस्था प्रधानों तक पहुंचाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारत सरकार द्वारा MeriLiFE: Massive Tree Plantation Drive कार्यक्रम को लांच किया गया है जिसको सफल बनाने के लिए शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के अ.शा. पत्रांक को प्रत्येक विद्यालय के संस्था प्रधानों तक पहुंचाया जाने एवं इसके क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही किये जाने का श्रम करावें।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार।**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

भवदीय,

(सतीश कुमार गर्ग)
**शासन उप सचिव**

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक समस्त संभाग, स्कूल शिक्षा
4. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Satish Garg
Designation : Deputy Secretary
Date: 2023.07.17 17:47:42 IST
Reason: Approved

**Naveen Jain**, IAS
**नवीन जैन**, आई.ए.एस.

सत्यमेव जयते

Secretary to Government
School Education, Language, Library
And Panchayati Raj (Elementary Education),
Government of Rajasthan
शासन सचिव
स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय,
पंचायतीराज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग
राजस्थान सरकार

अ.शा.पत्रांक : प.32(1)शिक्षा–1/2020
जयपुर, दिनांक : 14-07-2023

प्रिय संस्था प्रधान,

आप सभी को नवीन शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए हार्दिक शुभकामनाऐं। विगत सत्र में आप द्वारा विभाग की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को व्यापक रूप से निचले स्तर तक पहुंचाया गया है एवं गुणात्मक शिक्षा के लिए आपके प्रयास श्लाघनीय रहे हैं। एतदर्थ साधुवाद एवं इस सत्र में और अधिक ऊर्जा के साथ पूर्व में किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा करता हूं।

भारत सरकार द्वारा **MeriLiFE: Massive Tree Plantation Drive** को लांच किया गया है। ओजोन प्रस्त और ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सर्वोत्तम उपाय है। इस प्रभाव को कम किये जाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा **One Student, One Tree 2023** की थीम पर 25 जून 2023 से 30 जुलाई 2023 तक एक करोड पेड लगाने का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान में आप सबके समेकित प्रयासों से हरित पाठशाला कार्यक्रम विद्यालयों में पहले से ही संचालित किया जा रहा है। अतः इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित कर उनमें प्रकृति एवं वृक्षों से प्रेम एवं जुड़ाव की भावना विकसित कर **"एक विद्यार्थी, एक पेड़"** कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित करावें।

मैं आशान्वित हूं कि आप सबके प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल होगा।

शुभकामनाएं।

(नवीन जैन)
शासन सचिव

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय/
राउप्रावि/राप्रावि

Rajasthan Education Department

Room No. 1213, Second Floor, Main Building, Secretariat, Jaipur - 302005
Tel. : 91 (141) 2227507 • e-mail : secy.schooleducation@rajasthan.gov.in